### योगी आदित्यनाथ ने कहा-ट्रेनिंग व बाजार की जिम्मेदारी भी उठाएं बैंक

# सीएम बोले-यूपी को 1 ट्रिलियन यूएस डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है

■ एनबीटी, गोरखपुर : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री ने 2024 तक देश की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन यूएस डॉलर तक करने का लक्ष्य तय किया है, इसलिए यूपी को 1 ट्रिलियन यूएस डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाकर देश में योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शुरू हुई एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) की जान व आत्मनिर्भरता का आधार बन चुकी है। योगी ने बैंकों का आह्वान किया है कि वे लोन देने के बाद रोजगार परक ट्रेनिंग व बाजार उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी भी उठाएं।

इससे पूर्व गोरखपुर पहुंचे केन्द्रीय मंत्री सदानंद गौड़ा व मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में पूजन-अर्चन किया। निरीक्षण के बाद सदानंद गौड़ा व मुख्यमंत्री ने खाद कारखाने का निरीक्षण किया। कंप्यूटरीकृत कंट्रोल रूम के साथ ही उन्होंने 30 करोड़ की लागत से दक्षिण कोरिया निर्मित विशेष रबर से बने डैम का भी अवलोकन किया। केंद्रीय उर्वरक व रसायन मंत्री डीवी सदानंद गौड़ा ने भरोसा दिलाया है कि जून के अंत तक गोरखपुर खाद कारखाना में उत्पादन शुरू हो जाएगा। पहले जुलाई के अंत तक उत्पादन शुरू होने का लक्ष्य था मगर अब 98 प्रतिशत काम पूरा हो गया है लिहाजा जून के अंत में उत्पादन शुरू करा दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने ही शिलान्यास किया था और वे ही लोकार्पण करेंगे। उम्मीद है कि खाद कारखाना शुरू होने पर प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष तरीके से करीब 10 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

**यूपी में 4 साल में 50 लाख एमएसएमई इकाइयों को मिला लोन**

**जून से शुरू हो जाएगा गोरखपुर के खाद कारखाना में उत्पादन**

**5,895 लाभार्थियों को सवा तीन सौ करोड़ रुपये का लोन दिया गया**



मुख्यमंत्री के साथ उर्वरक मंत्री ने कारखाने के निरीक्षण के बाद भरोसा जताया।

**गोरखपुर खाद कारखाना : एक नजर**

शिलान्यास : जुलाई 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया

कार्यदायी संस्था : टोयो जापान

कुल बजट : करीब 8,000 करोड़

यूरिया प्रकार : नीम कोटेड

प्रीलिंग टावर : 149.5 मीटर ऊंचा

शुरू होने का प्रस्तावित माह : जुलाई 2021

रबर डैम का बजट : 30 करोड़

रोजगार प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष : 10 हजार

रोजाना यूरिया उत्पादन : 3850 मीट्रिक टन

**गोरखपुर में बहुत जल्द प्लास्टिक पार्क भी**

सदानंद गौड़ा ने बताया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर गोरखपुर में शीघ्र ही प्लास्टिक पार्क की स्थापना होगी। इस पार्क की स्थापना के बाद बड़ी संख्या में रोजगार का सृजन होगा। पार्क की स्थापना के लिए राज्य सरकार ने 52 एकड़ भूमि दे दी है। अप्रैल तक डीपीआर तैयार हो जाएगा।

योगी ने कहा कि कोरोना काल में गांव लौटे प्रवासी परम्परागत उद्यमों से जुड़कर रोजी रोजगार कर रहे हैं। प्रदेश सरकार भी एमएसएमई क्लस्टर बनाकर रोजगार दिलाने का कार्य कर रही है। इस शिविर में गोरखपुर, सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, कुशीनगर,बलिया, मऊ आदि जिलों के 5895 लाभार्थियों को सवा तीन सौ करोड़ रुपये का लोन दिया गया। लोन देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बैंक अगर ट्रेनिंग व बाजार दिलाने की जिम्मेदारी भी उठा लें तो लोन लेने वाले आसानी से अपनी पूंजी बढ़ा लेंगे और प्रदेश की अर्थव्यवस्था भी ऊंचाई पर जाएगी।